प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 10.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. ग्रामीण विकास विभाग में हुए टेंडर घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और पूर्व मुख्य अभियंता और उनके करीबियों की 86 करोड़ की संपत्ति जब्त।
2. राज्य में निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज, हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा, दर्ज करायी आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे को लेकर तैयारी तेज, जमशेदपुर में डीसी और एसएसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, सुरक्षा और तैयारियों का लिया जायजा।
4. भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में की संथाल और उरांव जनजाति की विरासत के संरक्षण की मांग, सांस्कृतिक कॉरिडोर बनाने का दिया प्रस्ताव।
5. फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर राज्य में आज से विशेष अभियान, निकाय चुनाव के प्रत्याशियों से मतदाताओं को जागरुक करने की अपील।

***************

राज्य में ग्रामीण विकास विभाग में हुए टेंडर घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय, इडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल, पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम और उनके करीबियों की 86 करोड़ रुपये से अधिक की चल–अचल संपत्ति को स्थायी रुप से जब्त कर लिया है।

***************

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयोग में हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि निकाय चुनाव की आचार संहिता के बीच मंईयां सम्मान योजना के तहत 20 हजार रुपये लोन देने की खबर छपवाकर मतदाताओं को प्रभावित किया जा रहा है।

***************

धनबाद नगर निकाय चुनाव में झामुमो समर्थित मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल को माले ने समर्थन दिया है, जबकि चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष के लिए माले समर्थित प्रत्याशी शुक्ला राय को झामुमो ने समर्थन दिया। दोनों दलों ने एकजुट होकर विकास के मुद्दे पर जीत का दावा किया है।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को जमशेदपुर दौरे पर रहेंगी, जहां वे कदमा मरीन ड्राइव में जगन्नाथ मंदिर की आधारशिला रखेंगी। उपायुक्त और एसएसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि यह राष्ट्रपति का जमशेदपुर का दूसरा दौरा होगा, जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

जिले के एसएसपी पीयूष पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से लेकर उनके वापस जाने तक सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक–चौबंद रहेगी।

***************

झारखंड हाईकोर्ट ने मधुपुर नगर परिषद के कर्मी को सेवानिवृत्ति लाभ न मिलने पर नाराजगी जताई है। न्यायाधीश आर मुखोपाध्याय और पीके श्रीवास्तव की अदालत ने नगर विकास सचिव को आज तलब किया है। कोर्ट ने विभाग से पूछा है कि क्या वह स्वयं इस राशि का भुगतान कर सकता है।

***************

चतरा जिले में आज से नीति आयोग के संपूर्णता अभियान 2.0 की शुरूआत हो रहा है। उपायुक्त कीर्ति श्री जी इस अभियान की विस्तृत जानकारी साझा करेंगी। 14 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे 5 प्रमुख संकेतकों में शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है।

***************

चतरा जिले में डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अपर समाहर्ता अरविंद कुमार के अनुसार, 50 एकड़ से अधिक भूमि का चयन एक–दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। राज्य सरकार की इस पहल से जिले में उच्च शिक्षा और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

***************

भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में संथाल और उरांव जनजाति की विरासत को सहेजने के लिए सांस्कृतिक कॉरिडोर बनाने की मांग की है। उन्होंने रोहतासगढ़, मुड़मा और मरांग बुरु जैसे ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ने का प्रस्ताव दिया ताकि आदिवासी संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को वैश्विक पहचान मिल सके।

***************

रांची, देवघर, लोहरदगा, धनबाद और गुमला समेत राज्य के 14 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आज से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान शुरु हो रहा है। इस बीच धनबाद स्वास्थ्य विभाग ने नगर निकाय चुनाव के प्रत्याशियों से प्रचार के दौरान मतदाताओं को फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति जागरूक करने की अपील की है।

***************

धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने अपराध की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि जनवरी में दर्ज 522 मामलों के मुकाबले 625 का निष्पादन किया गया। एसएसपी ने बताया कि दर्ज मामलों से अधिक निष्पादन होने के कारण जिले में लंबित मामलों की संख्या घटकर लगभग दो हजार रह गई है।

***************

नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर गोड्डा जिले की महगामा पुलिस ने छापेमारी कर अवैध नशा कारोबारी मुन्नी लाल भगत को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पुलिस ने बसुआ चौक के पास से उसे 4 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

***************

सरायकेला–खरसावां के खरसावां में कई वर्षों बाद जंगली हाथियों का झुंड आकर्षिणी पहाड़ी पहुंचने पर वन विभाग की टीम निगरानी में जुट गई है। विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और हाथियों से दूर रहने की सख्त सलाह दी है।

***************

दुमका के ऐतिहासिक 136वें राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के अनुसार इसका उद्घाटन 13 फरवरी को होगा।

***************

राज्य में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार 11 और 12 फरवरी को राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहने की संभावना है। हालांकि, अगले तीन दिनों के भीतर तापमान में धीरे–धीरे बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड कम होगी और गर्मी का अहसास बढ़ेगा।

***************

बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध 2025–26 में केवल तीन खिलाड़ियों को ही सर्वोच्च श्रेणी में जगह मिली है। इनमें शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा को इस बार ग्रेड–ए प्लस में जगह नहीं मिली है।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने इडी द्वारा ग्रामीण विकास घोटाले में 86 करोड़ की संपत्ति स्थायी रुप से अटैच होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– चंपाई नाराज, बोले रायशुमारी से रखा दूर, इसके पीछे प्रभावशाली व्यक्ति।

हिन्दुस्तान ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– डिजिटल अरेस्ट डकैती जैसा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– सरकारी स्कूलों की 12 लाख छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी पैड।

दैनिक जागरण लिखता है– 5 हजार 5 सौ करोड़ रुपये जुटाने के लिए 500 एकड़ जमीन बेचेगी एचईसी।

************************